***Inter arma leges silent.***
युद्ध काल में विधि मौन रहती है।

***Invitus nemo rem cogitur defendere.***
कोई भी उसकी इच्छा के विरुद्ध अपनी प्रतिरक्षा करने को बाध्य नहीं किया जा सकता।

## J

***Judex acquitatem sempler spectare debet.***
न्यायाधीश को सदा साम्य का ध्यान रखना चाहिए।

***Judex damnatur cum nocens absolvitor.***
जब अपराधी दण्डित नहीं होता तब न्यायाधीश बदनाम होता है।

***Judex debet judicare secundum allegata et probata.***
न्यायाधीश को अभिकथनों और प्रमाणों के अनुसार निर्णय देना चाहिए।

***Judex est lex loqnens.***
न्यायाधीश बोलता हुआ कानून है।

***Judicia posteriora sunt in lege fortiora.***
बाद में दिये गए निर्णय पहले दिये गए निर्णयों से प्रबलतर होते हैं।

***Judicia sunt tanquam juris dicta or Judicium est quasi jurisdictum.***
निर्णय मानो विधि की सूक्तियाँ हैं।

***Judiciis posterioribus fides est adhibenda.***
पीछे दिये गए निर्णयों को मान्यता दी जाती है।

***Judicium semper pro veritate accipitur.***
निर्णय को सदा सत्य रूप में स्वीकार करना होता है।

***Jura non-remota cause sed proxima spectatur.***
विधि में अव्यवहित या निकट के हेतुक पर ध्यान दिया जाता है, दूर के हेतुक पर नहीं।

***Jurato creditur in judicio.***
निर्णयों में शपथ लेने वाले पर विश्वास करना होता है।

***Juratores sunt Judices facti.***
न्याय सभ्य तथ्य के निर्णायक होते हैं।

***Jus est boni et aequi.***
जो अच्छा और साम्यापूर्ण है वह विधि है।

***Jus ex injuria non oritur.***
अपकृत्य से कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता।

## L

***Lata culpa dolo aequiparatur.***
घोर उपेक्षा कपट के समान होती है।

***Legum emin contractus dat.***
प्रसंविदा से विधि का निर्माण होता है।

***Leges posteriores priores contrarias abrogant.***
बाद की विधि पहले की विधि को रद्द कर देती है।

***Leges vigitantibus subveniunt.***
विधि जागरूक व्यक्ति की सहायता करती है।

***Legum omnes servi sumus ut liberi esse possumus.***
हम विधि के दास हैं ताकि हम स्वतंत्र हो सकें।

*Le salut du peuple est la supreme loi.*
जनता का क्षेम सर्वोत्तम विधि है।

*Lex a rege non est violenda.*
राजा विधि भंग नहीं कर सकता।

*Lex deficere non potest in justitia exhibenda.*
विधि न्याय करने में त्रुटिपूर्ण नहीं हो सकती।

*Lex delationes semper exhorret.*
विधि विलम्ब से घृणा करती है।

*Lex nemini facit injurium.*
विधि किसी का अपकार नहीं करती।

*Lex nil facti frustra nil jubet frustra.*
विधि न कुछ व्यर्थ करती है, न व्यर्थ आदेश देती है।

*Lex non cogit ad impossibilia.*
विधि किसी को असम्भव कार्य करने के लिए बाध्य नहीं करती।
[**विनोद कृष्ण कौल** बनाम **भारत संघ**, (1996) 1 सु० को० केसेज 41] [डॉ० एम० आई० [illegible] **जार्डाइन हेण्डर्सन एसोसिएशन**, (2006) 6 सु० को० के० 581]

*Lex non curat de minimis.*
विधि छोटी बातों की ओर ध्यान नहीं देती।

*Lex prospicit non respicit.*
विधि भविष्य के लिए नियम बनाती है, अतीत के लिए नहीं।

*Lex punit mendacium.*
विधि मिथ्योक्ति को दण्डित करती है।

*Lex reprobat moram.*
विधि विलम्ब की भर्त्सना करती है।

*Liceat eos exhaeredare quos occidere licebat.*
जिसे प्राणदण्ड देना विधिसम्मत है, उसे दाय से वंचित करना भी विधिसंगत है।

*Literae patentes regis non erunt vacuae.*
राजा के आज्ञापत्र शून्य नहीं होते।

*Locus contractus regit actum.*
संविदा की स्थिति कार्यवाही को शासित करती है।

## M

*Malitiis hominum non est indulgendum.*
मनुष्य के दुर्भावनापूर्ण कृत्यों की ओर अनुग्रह नहीं दिखाना चाहिए।

*Mandatum nisi gratuitum est nullum.*
यदि अधिदेश निःशुल्क न हो तो वह शून्य है।

*Melior est conditio possodentis.*
जिस पक्षकार का कब्जा रहता है उसकी स्थिति अच्छी होती है।

*Melior est Justicia vere praeveniens.*
न्याय वह बेहतर है जो अपराध को रोकता है।

*Melius est jus deficiens quam jus incertum.*
अपूर्ण विधि अनिश्चित विधि से अच्छी है।

*Mens testatoris in testamentes suspectanda est.*
इच्छापत्रों में रिक्थकर्ता के आशय की ओर ध्यान देना चाहिए।

*Minor jurare non potest.*
अवयस्क शपथ नहीं ले सकता।
*Minor minorem custodire non debet.*
अवयस्क को अवयस्क का संरक्षक नहीं होना चाहिए।
*Minor non tenetur pacitare super hereditare.*
अवयस्क को अपने उत्तराधिकार के विषय में प्रतिवाद करने को बाध्य नहीं किया जा सकता।
*Mitiores imperanti matius paretur.*
मृदु समादेश तो अच्छा अनुपालन।
*Mitiores poenae nobis semper placuere.*
विधि को कठोर दण्ड देने की अपेक्षा हल्का दण्ड देने में प्रसन्नता होती है।
*Mobila sequentur personam.*
चल वस्तुएँ व्यक्ति (की विधि) का अनुसरण करती हैं।
*Modica circumstantia facti Jus mutat.*
कृत्य की छोटी-छोटी अनुषंगी परिस्थिति विधि को परिवर्तित कर देती है।
*Modus legem dat donationi*
रीतिसम्मत दान वैध होता है।
*Mora debitoris non debet esse creditori domnosa.*
ऋणी के विलम्ब से लेनदार को क्षति नहीं होगी।
*Mors dicitur ultimum supplicium.*
मृत्यु, दण्ड की चरम सीमा है।

## N

*Necessitas est lex temporis et loci.*
समय और स्थान के अनुसार विधि की आवश्यकता है।
*Necessitas vincit legem.*
आवश्यकता विधि को नियंत्रित करती है।
*Necessitas non habet legem.*
आवश्यकता नियम को नहीं देखती ।
*Ne curia deficerent in justitia exhibenda.*
न्यायालय को न्याय दिलाने में कमी नहीं करनी चाहिए।
*Nemo debet bis vexari pro una et eadem causa.*

या

*Nemo bis punitur vexatur pro eodem delicto.*
कोई एक ही अपराध के लिए दो बार दण्डित नहीं हो सकता।
[**अशोक कुमार श्रीवास्तव** बनाम **नेशनल इन्स्योरेन्स कं० लिमिटेड**, (1998) 4 सु० को० केसेज 361]
*Nemo debet esse judex in propria causa.*
कोई अपने ही वाद में न्यायाधीश नहीं हो सकता।
[**कर्नाटक राज्य** बनाम **श्री रामेश्वर राइस् मिल्स**, (1987) 2 सु० को० केसेज 160]
*Nemo duobos utatur officis.*
कोई भी मनुष्य दो पद धारण नहीं कर सकता।
*Nemo est haeres viventis.*
कोई जीवित व्यक्ति का उत्तराधिकारी नहीं होता।

**मिथु कुट्टी** बनाम **राज्य,** (2005) 9 सु० को० के० 113 । में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मृत्युकालीन बयान को तभी पूर्णतः स्वीकार्य माना जाना चाहिए। जब उसकी सुतथ्यता पूर्णतः विश्वसनीय हो और किसी भी प्रकार के प्रभाव में न दिया गया हो।

***Nemo firut repente turpissimus.***
कोई भी व्यक्ति एकाएक बेईमान नहीं बन जाता।
[**एम० एस० बिन्द्रा** बनाम **भारत संघ**, (1998) 7 सु० को० केसेज 310]

***Nemo potest esse dominus et haeres.***
कोई मनुष्य स्वामी और उत्तराधिकारी दोनों नहीं हो सकता।

***Nemo punitur pro alieno delicto.***
कोई मनुष्य दूसरे के अपराध के लिए दण्डित नहीं हो सकता।

***Nihil habit forum ex scena.***
जो न्यायालय के समक्ष नहीं उससे न्यायालय का कोई मतलब नहीं होता।

***Nihil quod est contra rationem est licitum.***
जो कुछ विवेक के विपरीत है, वह वैध नहीं है।

***Nihil quod est inconveniens est licitum.***
जो असुविधाजनक है वह विधिपूर्ण नहीं है।

***Nihil dat qui non habet.***
कुछ है ही नहीं तो देगा क्या।

***Non alienat qui dumtaxat omittit possessionem.***
जो कब्जा छोड़ देता है वह अन्यक्रामण नहीं कर सकता।

***Non obligat lex nisi promulgata.***
यदि विधि प्रख्यापित न हो तो वह बाध्यकर नहीं होती।

***Non omne quod licet honestum est.***
कोई भी वस्तु विधि से अनुज्ञात होने से ही मान्य नहीं हो जाती।

***Nova constitutio futuris formam imponere debet non praeteritis.***
नई विधि भविष्य के लिए है न कि अतीत के लिए।

***Nul prendra advantage de son tort demense.***

या

***nullus commodum capere potest de injuria sua propria.***
कोई भी मनुष्य अपनी ही अपकृति का लाभ नहीं उठा सकता।
[**अशोक कपिल** बनाम **सोनाउल्लाह**, (1996) 6 सु० को० केसेज 342]

***Nuptias non concubitas sed consensus facit.***
विवाह सहवास से नहीं, वरन सम्मति से सम्पन्न होता है।

## O

***Omne quod solo inae difficatur solo cedit.***
भूमि पर किया गया निर्माण भूमि के साथ अन्तरित हो जाता है।

***Omne testamentum morte consummatum est.***
प्रत्येक इच्छा पत्र मृत्यु पर निष्पन्न होता है।

***Omnia praesumunter rite et solenniter acta.***
सब काम उचित माने जायेंगे जब तक वे प्रतिकूल सिद्ध न हों।

***Optima est legis interpres consuctudo.***
रूढ़ि विधि का सर्वोत्तम निर्वचन है।